मुख्यमंत्री ने सीएम ग्रीवेंसिज रिड्रेसल एंड मॉनिटरिंग सिस्टम जन संवाद पोर्टल का किया लोकार्पण

चर्चा में क्यों?

10 मई, 2023 को हरियाणा के सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राज्य के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सीएम ग्रीवेंसिज रिड्रेसल एंड मॉनिटरिंग सिस्टम जन संवाद पोर्टल का लोकार्पण किया।

प्रमुख बिंदु

- इस पोर्टल पर जन संवाद कार्यक्रम के तहत आने वाली समस्याओं एवं सुझावों को अपलोड कर पूरा लेखा-जोखा रखा जाएगा। इसके बाद संबंधित अधिकारी इन समस्याओं का समाधान भी सुनिश्चित करेंगे और शिकायतकर्त्ता के पास समस्या के बारे में संदेश भी जाएगा।
- विदित है कि राइट टू सर्विस एक्ट के तहत 600 से अधिक सेवाएँ आती हैं।
- उल्लेखनीय है कि जन संवाद कार्यक्रम के तहत 13 से 15 मई तक राज्य के सिरसा ज़िले में चतुर्थ जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके तहत मुख्यमंत्री द्वारा सिरसा ज़िले के कई गाँवों के लोगों से सीधे रूबरू होकर संवाद किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता के साथ संवाद करते समय सरकार के समक्ष आने वाली सभी समस्याओं को कार्यान्वित करने के लिये ज़िला एवं मुख्यालय स्तर पर इन समस्याओं को पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।
- लोगों की समस्याओं का निदान करने के लिये शहरी स्तर पर 'नगर दर्शन पोर्टल'एवं गाँव स्तर पर 'ग्राम दर्शन पोर्टल'बनाए गए हैं। इन पर नागरिक घर बैठे ही अपनी समस्याओं एवं विकास कार्य करवाने के लिये भी अपलोड कर सकते हैं। इसके बाद वह शिकायत अधिकारी के पास स्वत: ही चली जाएगी और वे उन पर संज्ञान लेकर एस्टीमेट एवं बजट आदि का प्रावधान कर पूरा करने का कार्य करेंगे।
- पहले इन पोर्टल पर आने वाली समस्याओं को प्रतिनिधियों के माध्यम से सहमति प्रदान की जाती थी, लेकिन अब नागरिक सीधे ही इन समस्याओं को पोर्टल पर भेज सकते हैं।
- राज्य सरकार द्वारा नागरिकों को अच्छी सेवाएँ प्रदान करने के लिये बेहतर मैकेनिज्म तैयार किये गए हैं जिस पर जवाबदेही भी सुनिश्चित की जा रही है। अब तक इस डेमो पोर्टल पर 3609 लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज की हैं।
- ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री हर शनिवार को ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के किसी एक वर्ग के साथ संवाद करते हैं। इनमें लोगों से सीधी बातचीत होती है और कार्यकर्त्ता भी इनसे जुड़ते हैं। इसके अलावा संबंधित अधिकारी भी इसमें शामिल होते हैं, जो उनके समक्ष आने वाली समस्याओं को सुनकर उनका समाधान सुनिश्चित करते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-inaugurated-the-cm-grievances-redressal-and-monitoring-system-jan-samwad-portal